Title: Need to send a Central team to assess the damage caused to crops dueto heavy rains and hailstorm in Himachal Pradesh and also to declare support price of apple at Rs.5/- per kg -laid.

श्री के.डी. सुल्तानपुरी (शिमला) : महोदय, हिमाचल प्रदेश में भारी वर्षा और ओलावृष्टि के कारण किसानों की सारी फसलें जैसे सेब, आडू, खुमानी तथा सब्जियों में बेमौसमी टमाटर, मटर एवं अनेक सब्जियां नष्ट हो गई हैं तथा फलवदार वृक्षों पर जो फूल आये थे, वे भी नष्ट हो गये हैं। किसानों की आर्थिक स्थिति इस पर निर्भर करती है। इस प्राकृतिक आपदा से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पिछली सरकार द्वारा सेब का समर्थन मूल्य तय किया गया था, जिसमें किसान अपना न बिकने वाला फल भी सरकार को दे देते थे, लेकिन नई सरकार ने नये समर्थन मूल्य की कोई घोषणा नहीं की है।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि सेब का समर्थन मूल्य पांच रुपये प्रति किलोग्राम घोषित किया जाये तथा साथ ही साथ जिन किसानों की फसलें फल एवं सब्जियां नष्ट हुई हैं, उसका मुआवजा तय करने हेतु भारत सरकार से एक विशेषज्ञों का दल भेजा जाए तथा सरकार जल्दी से जल्दी मुआवजा देने की व्यवस्था करे ताकि किसान इस विकट तथा अनहोनी स्थिति से उबर सकें। मैंने इस सम्बन्ध में प्रधान मंत्री जी को पत्र लिखा है।